# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–31 अक्टूबर 2025** **सान्ध्य समाचार**

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती आज पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के एकता नगर में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह को सम्बोधित किया। उन्होंने सरदार पटेल के राष्ट्रीय एकता से जुड़े प्रयासों के बारे में चर्चा की।

**आजादी के बाद साढे पांच सौ से ज्यादा रियासतों को एक साथ जोड़ने का असंभव कार्य को उन्होंने संभव कर के दिखा दिया। एक भारत, श्रेष्ठ भारत का विचार उनके लिए सर्वोपरि था। इसलिए आज सरदार पटेल की जयंती का दिन स्वाभाविक रूप से राष्ट्रीय एकता का महापर्व बन गया।**

इससे पहले, श्री मोदी ने दिन की शुरुआत स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित करके की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर आज लखनऊ में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। उन्होंने वहां रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की बागडोर संभालते ही भारत माता के सपूतों को सम्मान देने के लिए अभियान प्रारंभ किया।

**प्रधानमंत्री मोदी जी ने दो हजार चौदह में देश की बागडोर संभालने के बाद से लेकर के लगातार भारत माता के ऐसे सपूतों को सम्मान देने के लिए जो अभियान प्रारंभ किया एकतीस अक्टूबर की तिथि पूरे देश के अंदर छह सौ अधिक स्थानों पर रन फॉर यूनिटी के नाम पर राष्ट्रीय एकता के सूत्र में बांधने वाली इस दौड़ के माध्यम भारत के युवाओं के मन में एक नई राष्ट्र भक्ति की भावना का संचार करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम हो रहा है।**

केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने महराजगंज में, केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने पीलीभीत में और प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने वाराणसी में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। प्रदेश के अन्य जिलों में भी राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह और रन फॉर यूनिटी के आयोजन किए गए जिनमें केन्द्र और प्रदेश सरकार के मंत्रियों तथा अन्य गणमान्य लोगों ने प्रतिभाग किया।

**********

केंद्र सरकार ने कक्षा तीन से सभी स्कूलों में एआई पर पाठ्यक्रम शुरू करने की पहल की है। एक रिपोर्ट–

**शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि यह पहल जटिल चुनौतियों को हल करने के लिए एआई के नैतिक उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह तकनीक कक्षा तीन से शुरू होकर आधारभूत स्तर से ही अंतर्निहित हो जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कम्प्यूटेशनल सोच सीखने और सिखाने की अवधारणा को मजबूत करेगी। मंत्रालय ने आगे बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कम्प्यूटेशनल सोच पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर कार्तिक रमन की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार ने बाइस सितंबर को वस्तु और सेवा कर–जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत की थी। इससे पूरे देश के नागरिकों को लाभ हुआ। एक रिपोर्ट–

**नए जीएसटी सुधार के तहत, सरकार ऑटोमोबाइल क्षेत्र में कर कम करके नागरिकों को बड़ी राहत दे रही है। जीएसटी 2.0 के तहत, भारत की आपूर्ति श्रृंखला की रीढ़ माने जाने वाले, ट्रकों और डिलीवरी वैन जैसे वाणिज्यिक माल वाहनों पर कर की दरें अब 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई हैं। इस कदम से सीधे तौर पर लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आई है और निर्यात प्रतिस्पर्धा में सुधार हुआ है। इसी प्रकार, मोटर कार और मोटर बाइक के निर्माण में उपयोग होने वाले अधिकांश सामानों पर भी जीएसटी घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इस निर्णय से न केवल निर्माताओं की लागत कम हुई है, बल्कि उपभोक्ताओं के लिए नए वाहन अधिक किफायती भी हो गए हैं। इसके साथ ही, 1800 सीसी तक के ट्रैक्टरों पर, जिन पर पहले 12 प्रतिशत जीएसटी लगता था, अब पांच प्रतिशत कर स्लैब में शामिल हो गए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए रोहन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं मृगनयनी पांडे।**

**********

अयोध्या में कल तड़के पंचकोसी परिक्रमा शुरू होगी। हमारे अयोध्या प्रतिनिधि ने बताया कि यह परिक्रमा दो नवम्बर को अपराह्न दो बज कर सत्तावन मिनट तक चलेगी। जिला प्रशासन बारिश के बीच परिक्रमा की तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है।

**********

चक्रवाती तूफान मोंथा के कारण पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सहित कई जिलों में आज भी रुक–रुक कर मध्यम से तेज बारिश का सिलसिला जारी है। लगातार हो रही बारिश से खेतों में खड़ी फसलें भी प्रभावित हुई हैं। हमारे बस्ती प्रतिनिधि ने बताया कि बारिश और हवाओं से धान तथा गन्ने की फसलें खेतों में ही गिर गई हैं। इससे किसानों की चिंता बढ़ी है। इस बीच, मौसम विभाग ने पूर्वी संभाग में कल भी कहीं कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और बारिश की संभावना जताई है।

**********